E-mail:principal@kisanpgcollege.ac.in Principal Mobile No.: 9415178901

# KISAN POST GRADUATE COLLEGE, BAHRAICH (U.P.) 271801

(Autonomous)

Affiliated to: Maa Pateswari University, Balrampur

पत्रांकः के0डी0सी0 / परीक्षा / 1314 / 2026 दिनांक 14.07.2026

## सूचना

किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बहराइच (स्वायत्तशासी) स्नातक (B.A./B.Sc./B.Com) द्वितीय / चतुर्थ / षष्ठम सेमेस्टर एवं परास्नातक (M.A./M.Sc./M.Com) द्वितीय / चतुर्थ सेमेस्टर, (CoP / मुख्य 2025–26) का परीक्षाफल आ चुका है। यदि कोई विद्यार्थी प्राप्त अंकों से संतुष्ट नहीं है, तो वह अपनी उत्तर पुस्तिका/OMR का अवलोकन या मूल्यांकन को चुनौती हेतु आवेदन कर सकता है। ऐसे विद्यार्थी महाविद्यालय द्वारा निर्धारित आवेदन फॉर्म को आवश्यक शुल्क के साथ पूरित कर दिनांक 25.07.2026 तक परीक्षा कार्यालय में जमा कर दें।

1. आवश्यक शुल्क –:
   - उत्तर पुस्तिका अवलोकन शुल्क– 300 / –रू0 (तीन सौ रूपये)
   - उत्तर पुस्तिका का चुनौती मूल्यांकन शुल्क– 3000 / –रू0 (तीन हजार रूपये)
   - परीक्षा खाता संख्या–267501000011027, आई.एफ.एस.सी.– IOBA0002675, इण्डियन ओवरसीज बैंक, बहराइच।
2. निर्धारित आवेदन फार्म परीक्षा कार्यालय से प्राप्त होगा तथा भरकर वहीं जमा करना होगा।
3. यदि अभ्यर्थी एक से अधिक प्रश्नपत्रों के अवलोकन या चुनौती मूल्यांकन का इच्छुक है तो उसे प्रथक–प्रथक आवेदन करना होगा।

नोट–: आवश्यक दिशा निर्देश की प्रति संलग्न है

प्रो0(डॉ0)विनय सक्सेना
प्राचार्य / परीक्षा नियंत्रक

Principal
Kisan Post Graduate College
Bahraich-271801

प्रतिलिपि–: निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–:

1. E.D.P.
2. प्रचार एवं मीडिया प्रकोष्ठ।
3. नोटिस बोर्ड पर छात्र / छात्राओं हेतु।

प्रो0(डॉ0)विनय सक्सेना
प्राचार्य / परीक्षा नियंत्रक

# KISAN POST GRADUATE COLLEGE, BAHRAICH (U.P.)

**(Autonomous)**

(Affiliated to: Maa Pateswari University, Balrampur, U.P.)

## मूल्यांकन को चुनौती करने वाले अभ्यर्थियों हेतु आवश्यक निर्देश

उत्तर पुस्तिका के अवलोकन के उपरान्त मूल्यांकन से असंतुष्ट छात्रों को चैलेंज इवैलुवेशन (मूल्यांकन को चुनौती) का अवसर प्रदान किये जाने की व्यवस्था निम्नानुसार प्रस्तावित की जाती है–

1. छात्र जनसूचना का अधिकार अधिनियम – 2005 के अन्तर्गत उत्तर–पुस्तिका अवलोकित कराये जाने की प्रक्रिया का अनुसरण करते हुए मूल्यांकित उत्तर पुस्तिका की स्कैन्ड कॉपी प्राप्त करेगा।
2. उत्तर पुस्तिका के अवलोकन से असन्तुष्ट छात्र उत्तर पुस्तिका प्राप्ति की तिथि से 15 दिन के अन्दर ₹ 3000/– प्रति प्रश्न–पत्र की दर से देय शुल्क का भुगतान कर चैलेंज इवैलुवेशन के लिए आवेदन कर सकेगा।
3. सम्बन्धित उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन मूल मूल्यांकनकर्ता से इतर प्राचार्य/परीक्षा नियन्त्रक जी द्वारा नामित दो चैलेन्ज मूल्यांकनकर्ताओं द्वारा अलग–अलग कराया जायेगा तथा दोनों मूल्यांकनकर्ताओं द्वारा प्रदत्त अंकों का औसत चुनौती देने वाले छात्र को प्रदान किया जायेगा।
4. यदि मूल मूल्यांकनकर्ता द्वारा प्रदान किये गये अंकों तथा दोनों चैलेंज मूल्यांकनकर्ता द्वारा किये गये अंकों के औसत का अन्तर प्रश्नपत्र के अधिकतम प्राप्तांकों के 15% तक पाया जायेगा, तो मूल मूल्यांकनकर्ता द्वारा प्रदान किये अंकों में परिवर्तन नहीं किया जाएगा तथा छात्र द्वारा जमा धनराशि जब्त कर ली जाएगी।
5. यदि मूल मूल्यानकर्ता द्वारा प्रदान किये अंकों तथा दोनों चैलेंज मूल्यांकनकर्ताओं द्वारा दिये गये अंकों के औसत का अन्तर प्रश्नपत्र के अधितम प्राप्तांकों के 15% से अधिक एवं 25% तक पाया जाएगा तो मूल मूल्यांकनकर्ता द्वारा प्रदान किये गए अंकों को दोनों चैलेंज मूल्यांकनकर्ताओं द्वारा दिये गये अंकों से बदल दिया जाएगा। ऐसी स्थिति में छात्र द्वार जमा शुल्क ₹ 500/– की कटौती कर शेष धनराशि उसे वापस कर दी जाएगी तथा मूल मूल्यांकनकर्ता के विरुद्ध महाविद्यालय द्वारा चेतावनी दी जा सकती है।
6. यदि मूल मूल्यांनकर्ता द्वारा प्रदान किये गये अंको तथा दोनों चैलेंज मूल्यांकनकर्ताओं द्वारा दिये गए अंकों के औसत का अन्तर प्रश्नपत्र के अधिकतम प्राप्तांकों के 25% से अधिक पाया जाएगा तो ऐसी उत्तर पुस्तिका प्राचार्य जी द्वारा नामित तृतीय चैलेंज मूल्यांकनकर्ता से मूल्यांकित कराया जायेगा। मूल मूल्यांकनकर्ता द्वारा प्रदान किए गये अंको को तीनों चैलेंज मूल्यांकनकर्ताओं द्वारा दिये गये अंकों के औसत से बदल दिया जायेगा। ऐसी स्थिति में छात्र द्वारा जमा शुल्क ₹ 500/– की कटौती कर शेष धनराशि उसें वापस कर दी जाएगी तथा मूल मूल्यांकनकर्ता के विरुद्ध महाविद्यलाय द्वारा कठोर कार्यवाही की जा सकती है।
7. चैलेंज प्रक्रिया में यदि उपरोक्त बिन्दु 5 एवं 6 में परिवर्तन आता है, तो छात्र के परीक्षाफल में तदनुसार संशोधन करते हुये सम्पूर्ण परीक्षाफल घोषित किया जाएगा।